# क्या युवाओं को खेती के लिए लीज पर मिलेगी जमीन

## विकसित भारत यंग लीडर संवाद कार्यक्रम में मुख्यमंत्री डॉ. यादव से युवाओं ने किए सवाल

**भोपाल, 7 जनवरी. मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि स्वामी विवेकानंद ने अमेरिका में विश्व धर्म संसद के माध्यम से विश्व को भारत की मूल चेतना से परिचय कराया. हमारे युवा भी स्वामी विवेकानंद के समान दृढ़ संकल्प के साथ आगे बढ़ रहे हैं. प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में भारत आज दुनिया का सबसे युवा देश के रूप में आगे बढ़ रहा है. मप्र में भी तेज गति से युवा शक्ति का विकास हो रहा है. हमारे सामने वर्ष 2047 तक विकसित भारत के निर्माण का लक्ष्य है. मुख्यमंत्री डॉ. यादव बुधवार को मुख्यमंत्री निवास में युवाओं से संवाद कर रहे थे.**





इस वर्ष नई दिल्ली में मध्यप्रदेश के 47 युवा, विकसित भारत यंग लीडर संवाद कार्यक्रम और 29 युवाओं का दल राष्ट्रीय युवा उत्सव में सहभागिता करेगा. मुख्यमंत्री डॉ. यादव से संवाद के लिये ये युवा मुख्यमंत्री निवास पधारे थे. मुख्यमंत्री डॉ. यादव की उपस्थिति में वंदे-मातरम् के सामूहिक गान के साथ कार्यक्रम आरंभ हुआ. कार्यक्रम में अंशिका मिश्रा ने गीता उपदेश के माध्यम से युवाओं को संदेश दिया.

मुख्यमंत्री से कार्यक्रम में युवाओं ने अनेक विषयों से जुड़े प्रश्न पूछे, जिस पर मुख्यमंत्री ने बड़ी सहजता के साथ उनकी जिज्ञासा का समाधान किया. ग्वालियर के सोमेश द्वारा यह जानना चाहा गया कि एक सटीक भाषण में कौन-कौन से अवयव होने चाहिए. इस पर मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि जीवन में स्वाध्याय करते हुए ज्ञान अर्जन करेंगे तो भाषण की गुणवत्ता स्वत: बढ़ जाएगी. कक्षा में पढ़ाई तो आवश्यक है, लेकिन कक्षा और पाठ्यक्रम के अतिरिक्त भी बहुत कुछ सीखना-समझना होगा. अनूपपुर के प्रियांशु ने पूछा कि राज्य सरकार प्राकृतिक खेती को जन आंदोलन बनाने के लिए क्या प्रयास कर रही है, क्या इसमें स्टार्टअप की कोई संभावनाएं हैं. इस पर मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि अब हमारे युवाओं का व्यवसाय के साथ खेती और खासतौर से प्राकृतिक खेती की ओर जुड़ाव भी रूझान दिख रहा है, यह प्रशंसनीय है. राज्य सरकार ने वर्ष 2026 को कृषि कल्याण वर्ष घोषित किया है. देश में सबसे आदर्श खेती मध्यप्रदेश में होती है. राज्य में सभी प्रकार के मोटे अनाज की अच्छी उत्पादकता है. प्राकृतिक खेती के लिए देशी खाद भी जरूरी है. इसके लिए गोपालन और दूध उत्पादन को प्रोत्साहित किया जा रहा है. राज्य में देशी गोपालन को बढ़ावा दिया जा रहा हैं. ब्राजील जैसा छोटा देश गोपालन के माध्यम से आगे बढ़ने का बड़ा उदाहरण है. इस संबंध में मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने 'उपकार' फिल्म का उल्लेख करते हुए जय जवान-जय किसान के माध्यम से किसानों की महत्ता के बारे में भी युवाओं से चर्चा की.

### सीएम बोले- लीज के सुझाव पर करेंगे विचार

राजगढ़ के युवा ने पूछा कि क्या युवाओं को खेती के लिए शासकीय भूमि लीज पर दी जा सकती है. इस पर मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि राज्य सरकार इस सुझाव पर विचार करेगी. मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने खेती में विविधता को अपनाने के लिये युवाओं को प्रोत्साहित करते हुए कहा कि इससे किसानों की आय को बढ़ाने में मदद मिलेगी. खेल एवं युवा कल्याण मंत्री विश्वास कैलाश सारंग ने भी युवाओं को संबोधित किया.

## दादाजी धाम मंदिर में मकर संक्रांति पर होगा सुंदरकांड पाठ

**भोपाल, 7 जनवरी.** दादाजी धाम मंदिर में 14 जनवरी को मकर संक्रांति पर्व के अवसर पर संगीतमय सुंदरकांड पाठ, नि:शुल्क होम्योपैथिक एवं पैथोलॉजी चिकित्सा शिविर तथा इको-फ्रेंडली विशाल भंडारा आयोजित होगा, भंडारे में श्रद्धालु स्वयं बर्तन धोकर सेवा करेंगे. मंदिर प्रबंधन के अनुसार सुबह 10 बजे रुद्राभिषेक, पूजन, हवन प्रारंभ होगा. इसके बाद आरती एवं प्रसाद वितरण किया जाएगा. सुबह 11 बजे से नूपुर परिवार, मुकेश राय (दिल्ली) द्वारा संगीतमय सुंदरकांड पाठ किया जाएगा. दोपहर 2 से शाम 5 बजे तक थायरोकेयर के सहयोग से शुगर, हीमोग्लोबिन, ब्लड प्रेशर की नि:शुल्क जांच व दोपहर 3 बजे से नि:शुल्क होम्योपैथिक चिकित्सा शिविर आयोजित होगा. दोपहर 1 बजे से इको-फ्रेंडली भंडारा प्रारंभ होगा. इसमें केवल स्टील की थाली एवं गिलास का उपयोग किया जाएगा.

## वैज्ञानिक संस्थाएं जीवन से विज्ञान को जोड़ेंगी

▸ आंचलिक विज्ञान केंद्र में होगा साइंस फिएस्टा का आयोजन

नवभारत प्रतिनिधि

**भोपाल, 7 जनवरी. आंचलिक विज्ञान केंद्र भोपाल की 31 वीं वर्षगांठ के अवसर पर साइंस फिएस्टा का आयोजन किया जा रहा है. शहर को विज्ञान और नवाचार की दुनिया में ले जाने वाला यह आयोजन स्कूल-कॉलेज के विद्यार्थियों, युवा शोधकर्ताओं और आम नागरिकों के लिए नये अनुभवों का मंच बनेगा, जिसका तीन दिवसीय आयोजन 12 से 14 जनवरी तक किया जा रहा है.**

साइंस फिएस्टा नामक इस आयोजन में आगंतुक विज्ञान को किताबों से बाहर, प्रयोगशालाओं और व्यवहारिक मॉडलों के रूप में करीब से देख सकेंगे. केंद्र परिसर में विज्ञान की अनेक संस्थाएं अपने प्रयोग, उपकरण और नवीनतम तकनीक आमजन के सामने पेश करेंगी. इनमें इसरो, आईआईएसईआर भोपाल, एचईजी, एमपीकॉस्ट, आईएमडी, ईपीसीओ, एम्स भोपाल, एएमपीआरआई, निफ्ट, सीआईपीईटी, और आरआरसीएटी इंदौर जैसी विभिन्न संस्थाएं शामिल होंगी. ये संस्थाएं अंतरिक्ष, पर्यावरण, मौसम विज्ञान, ऊर्जा, स्वास्थ्य, जैव विविधता, औद्योगिक विज्ञान, फैशन टेक्नोलॉजी और भविष्य की प्रौद्योगिकियों पर आधारित प्रदर्शनी और डेमो प्रस्तुत करेंगी.

## समाज की मार्गदर्शक महिलाओं का सम्मान

### भारतीय होटल प्रबंधन संस्थान में 25 नायिकाओं को दिया ऊर्जस्विता अवार्ड 2026

नवभारत प्रतिनिधि

**भोपाल, 7 जनवरी. महिलाएं जहां खड़ी होती हैं, वहां प्रेरणा का दीप जल उठता है. यही संदेश बुधवार को भारतीय होटल प्रबंधन संस्थान के सभागार में मंच से महिला एवं बाल विकास मंत्री निर्मला भूरिया ने दिया. उन्होंने कहा महिलाएं न सिर्फ घर संभालती हैं, बल्कि समाज को दिशा देने का भी काम करती हैं. उन्होंने कहा कि यहां सम्मानित की जा रहीं सभी महिलाएं हजारों युवतियों के लिए आज मार्गदर्शक बन चुकी हैं.**



अनुनय एजुकेशन एंड वेलफेयर सोसाइटी के तत्वावधान में आयोजित समारोह में देश-विदेश से आई 25 महिलाओं को ऊर्जस्विता सम्मान प्रदान किया गया. पशुपालन राज्यमंत्री लखन पटेल मुख्य अतिथि रहे. जबकि महापौर मालती राय और भाजपा महिला मोर्चा की प्रदेश अध्यक्ष अश्विनी परांजपे विशेष अतिथि के रूप में मंच पर मौजूद रहीं.

कार्यक्रम में कई जिलों में कलेक्टर रह चुकीं प्रशासक जयश्री कियावत को भी लाइफटाइम अचीवमेंट अवॉर्ड से सम्मानित किया गया. राज्यमंत्री लखन पटेल ने कहा कि धार्मिक आयोजन हों या सामाजिक कार्य, महिलाओं की भागीदारी सबसे आगे दिखाई देती है. संस्था की अध्यक्ष माही भजनी ने पुरस्कारों के उद्देश्य समझाए, सचिव डॉ. ए के भट्टाचार्य ने इसकी चयन की प्रक्रिया पर प्रकाश डाला. समारोह में इजाबेल को इकोटूरिज्म, डॉ सीमा अलावा को प्रशासनिक सेवा, महामंडलेश्वर देव मां शिवांगी नंद गिरि को अध्यात्म क्षेत्र में, अनुपमा जोशी को डिफेंस सर्विसेस, नीतू शर्मा को सामाजिक नेतृत्व, डॉ स्मिता रिछारिया को लेखन, सोफी हार्टमैन को कम्युनिटी डेवलपमेंट, तरु सक्सेना को आतिथ्य शिक्षा, डॉ महिमा तारे को महिला सशक्तिकरण, तान्या मरावी को आदिवासी कला, दीप्ति ओग्रे को जनजातीय संस्कृति और उद्यमिता, अनुज्ञा शर्मा को खेल, अविशी श्रीवास्तव को शिक्षा और प्रशिक्षण क्षेत्र सहित कई अन्य महिला प्रतिभाओं को सम्मान दिया गया.

## नारायण रैकी परिवार की संस्थापक राजेश्वरी मोदी आज भोपाल में

**भोपाल, 7 जनवरी. नारायण रैकी परिवार की त्रिदिवसीय इंटरनेशनल सेंटर हेड मीट के लिए संस्था की संस्थापक राजेश्वरी मोदी गुरुवार को भोपाल आ रही हैं. संस्था की भोपाल सेंटर हेड रेणु गट्टानी ने बताया कि 8 जनवरी को सुबह 11 बजे भोपाल एयरपोर्ट पर उनका भव्य स्वागत किया जाएगा. संध्या 4 बजे वह स्थानीय कार्यकर्ताओं से वार्ता करेंगी.**



9 जनवरी से प्रारम्भ होने वाली त्रिदिवसीय सेंटर हेड मीटिंग की शुरुआत रोहित नगर से शोभायात्रा के साथ होगी, बावड़िया कला स्थित होटल ट्यूलिप इन तक पहुंचेगी. तीन दिन की इस मीट में देश-विदेश के लगभग 125 सेंटर हेड्स हिस्सा ले रहे हैं. दोपहर में 3 बजे से होटल में भारतीय परंपरा की तीन निकटवर्ती पर्व लोहड़ी, पोंगल और मकर सक्रांति मनाते हुए पतंग उत्सव भी मनाया जाएगा. संध्या 7 बजे से सांस्कृतिक कार्यक्रम होंगे. 10 जनवरी को राज दीदी एवं नारायण रेकी परिवार मुंबई ट्रस्ट से आये पदाधिकारी सभी सेंटर हेड्स से चर्चा करेंगे. इसके बाद संध्या 4 बजे भोजपुर भ्रमण होगा. आयोजन के तीसरे और अंतिम दिन सुबह 10 बजे से 'कुबेर का खजाना' विषय पर राज दीदी का व्याख्यान होगा.

## गांधी मेडिकल कॉलेज में वार्षिकोत्सव

**भोपाल, 7 जनवरी. गांधी मेडिकल कॉलेज, भोपाल की वैज्ञानिक एवं साहित्यिक सोसायटी द्वारा वार्षिक उत्सव का भव्य आयोजन किया गया. इस वर्ष उत्सव की थीम 'युगांतर द टर्निंग ऑफ एरास' रखी गई, जिसका उद्देश्य समय के विभिन्न युगों में विज्ञान और साहित्य के विकास तथा उनके महान हस्ताक्षरों को रचनात्मक रूप से प्रस्तुत करना था.**



उत्सव में कॉलेज के अंतिम वर्ष के विद्यार्थियों ने तैयार की गई कलाकृतियों (आर्टिफैक्ट्स) के माध्यम से विश्व व भारतीय साहित्य और विज्ञान की महान विभूतियों को दर्शाया. इनमें मैरी क्यूरी, स्टीफन हॉकिंग, वॉटसन-क्रिक, सुश्रुत, चरक, जे. के. रोलिंग, विलियम शेक्सपियर, सुभद्रा कुमारी चौहान तथा रवींद्रनाथ टैगोर जैसी महान विभूतियां शामिल रहीं.

## विवेकानंद लाइब्रेरी में 11 को बच्चों के लिए वर्कशॉप

**भोपाल, 7 जनवरी.** स्वामी विवेकानंद की जयंती की पूर्व संध्या पर रविवार 11 जनवरी को स्वामी विवेकानंद लाइब्रेरी में बच्चों के लिए हैप्पी चैपी मेडिटेशन एंड पेंटिंग' कार्यशाला का आयोजन किया जा रहा है. लाइब्रेरी के प्रबंधक यतीश भटेले ने बताया कि कार्यशाला का उद्देश्य 6 से 15 वर्ष आयु वर्ग के बच्चों को चित्रकला से अपनी कल्पनाएं अभिव्यक्त करने का अवसर प्रदान करना है.

## सांची डेयरी की ईआरपी प्रणाली की तकनीक को समझा

▸ टीजीडीडीसीएफ हैदराबाद दल ने एमपीसीडीएफ भोपाल का किया दौरा

**भोपाल, 7 जनवरी.** एमपी स्टेट कोआपरेटिव डेयरी फेडरेशन लिमिटेड (एमपीसीडीएफ) भोपाल के प्रबंध संचालक (एमडी) डॉ. संजय गोवाणी से तेलंगाना डेयरी डेवलपमेंट कोआपरेटिव फेडरेशन लिमिटेड (टीजीडीडीसीएफ), हैदराबाद के चेयरमैन गुथा अमित कुमार रेड्डी, प्रबंध संचालक (एमडी) के. चंद्रशेखर रेड्डी ने मंगलवार को महासंघ मुख्यालय पर अपने दल के साथ भेंट की. टीजीडीडीसीएफ दल ने सांची डेयरी में कम समय में एनडी-ईआरपी प्रणाली सफलतापूर्वक लागू करने की तकनीक को समझा. उल्लेखनीय है कि राष्ट्रीय डेरी विकास बोर्ड (एनडीडीबी) और एमपी स्टेट कोआपरेटिव डेयरी फेडरेशन लिमिटेड (एमपीसीडीएफ) भोपाल के बीच सहकार्यरता अनुबंध के बाद 09 माह की कम अवधि में भी आईटी सुदृढ़ीकरण करके एनडी-ईआरपी (नेशनल डेयरी डेवलपमेंट बोर्ड डेयरी ईआरपी) प्रणाली को एमपीसीडीएफ सहित संबद्ध सहकारी दुग्ध संघों में सफलता पूर्वक सांची डेयरी में लागू किया.




## एक नजर में



### मृगनयनी एम्पोरियम जीटीबी में चंदेरी उत्सव शुरू

**भोपाल, 7 जनवरी.** मृगनयनी एम्पोरियम जीटीबी में बुधवार से चंदेरी उत्सव की शुरुआत हुई. संत रविदास मध्यप्रदेश हस्तशिल्प और हाथकरघा विकास निगम द्वारा शुरू यह उत्सव 18 जनवरी तक चलेगा. यहां चंदेरी की महीन कारीगरी को जीवंत करने वाले प्रसिद्ध बुनकर मो शफीक खान और मो. माजिद अली केंद्र में हैं. उनके करघों से निकलते वस्त्र केवल फैशन नहीं बल्कि परंपरा की कहानियां हैं. उनकी बुनाई की ताल के साथ धागों में इतिहास सांस लेता नजर आया. उत्सव में रेशमी और सूती चंदेरी साड़ियों की पारदर्शिता और नफासत दर्शकों के प्रमुख आकर्षण का केंद्र रही. वहीं बादल महल डिजाइन की प्रतिकृति, अशर्फी जुगनू बूटी और सोने-चांदी की जरी से तैयार खास संग्रह ने चंदेरी की शाही पहचान को और गहरा किया. एम्पोरियम के प्रभारी अरविंद शर्मा ने बताया कि यह आयोजन सिर्फ प्रदर्शनी नहीं बल्कि भारतीय हथकरघा परंपरा का उत्सव है. इससे बुनकरों को नया मंच मिलता है और चंदेरी को राष्ट्रीय पहचान मजबूत होती है. उन्होंने कहा उत्सव से विरासत को नया जीवन और कारीगरों की आजीविका को सहारा मिलता है.

### सलकनपुर में विजयासन देवी से की प्रार्थना




**भोपाल, 7 जनवरी.** ओम शिव शक्ति सेवा मंडल भोपाल द्वारा 15 फरवरी को महाशिवरात्रि के अवसर पर भोजपुर में 23 वां विशाल भंडारा आयोजित किया जाएगा. मंडल के सचिव रिंकू भटेजा ने बताया कि बुधवार को सभी सदस्यों ने सलकनपुर में मां विजयासन के दर्शन कर इस भंडारे की सफलता के लिए प्रार्थना की. इसमें मंडल सचिव रिंकू भटेजा, योगेश श्रीवास्तव, कपिल ग्वाला, सचिन आर्य, राहुल अरोड़ा, जितेंद्र जैन, विनय सिन्हा, मनोज नवले, संजय चंद्रवंशी, बबलू टॉक, सुनील प्रसाद, मोहन जोशी, मनोहर गुर्जर जीतू पटेल, अजय सिंह सहित मंडल के अनेक सदस्य शामिल थे.

